
# उन्नत तकनीकों के उपयोग के प्रति रहें सतर्क

## दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि नवाचारों ने हमारे सोचने और काम करने के तरीकों में किया बदलाव

**कटक 15 जुलाई.राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने यहां रेवेनशॉ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में एआई, मशीन लर्निंग, 3डी प्रिंटिंग और क्लाउड कंप्यूटिंग जैसी उभरती तकनीकों के उपयोग में सावधानी बरतने की आवश्यकता पर बल दिया है. मुर्मु ने मंगलवार को यहां रेवेनशॉ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इन नवाचारों ने हमारे सोचने और काम करने के तरीकों में महत्वपूर्ण बदलाव आए हैं. उन्होंने कहा कि यह विज्ञान और प्रौद्योगिकी का युग है और इन उन्नत उपकरणों के दुरुपयोग के प्रति हमें सतर्क रहने जरुरत है.**




रेवेनशॉ कॉलेज के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि इस संस्थान ने देश की स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है और ओडिशा राज्य के गठन के आंदोलन से इसका गहरा संबंध रहा तथा शिक्षा के विकास एवं महिला सशक्तिकरण में निरंतर योगदान दिया है. यहां के कई प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों ने स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद, लेखक, दार्शनिक, राजनीतिक नेता, समाज सुधारक, वैज्ञानिक और कलाकार के रूप में राष्ट्र को गौरवान्वित किया है.

> उन्होंने अनुसंधान, नवाचार और समावेशिता में विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त की.राष्ट्रपति ने परामर्श सेवाओं और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के माध्यम से उद्योग भागीदारों के साथ विश्वविद्यालय के सहयोगात्मक प्रयासों को सराहा. उन्होंने विचार-मंथन, अनुवादात्मक अनुसंधान और उद्यमशीलता विकास को बढ़ावा देने में विश्वविद्यालय के डिज़ाइन, नवाचार और उद्यमिता केंद्र की भूमिका की सराहना की. मुर्मु ने कटक में रेवेनशॉ गर्ल्स हाई स्कूल की तीन इमारतों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी. उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और बुनियादी ढाँचा एक प्रभावी शिक्षण वातावरण का निर्माण करता है.

## केजरीवाल ने जाना शिबू के स्वास्थ्य का हाल

**नई दिल्ली.** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को सर गंगा राम अस्पताल पहुंचकर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ नेता शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली. उन्होंने इस दौरान झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मुलाकात कर शिबू सोरेन की स्थिति पर चर्चा की. केजरीवाल ने मुलाकात के बाद कहा, नयी दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में झारखंड के वरिष्ठ नेता शिबू सोरेन जी से भेंट कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की.ज्ञात हो कि राज्यसभा सदस्य शिबू सोरेन की हालत फिलहाल नाजुक बनी हुई है और वे सर गंगा राम अस्पताल में उपचाराधीन हैं.



# पूरे देश को ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला पर गर्व : राजनाथ

**शुभांशु 18 दिन बाद अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से पृथ्वी पर लौटे**

**योगी ने अपने संदेश में कहा, 'वेलकम बैक टू अर्थ'**

**लखनऊ, 15 जुलाई. एक्सिओम स्पेस 4 की ऐतिहासिक सफलता और धरती पर सफल वापसी पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के लाल ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और उनकी टीम को बधाई दी है. अंतरिक्ष से लौटे भारतीय पायलट को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से बधाई दी और उनकी उपलब्धि को उत्तर प्रदेश और देश के लिए गौरव का क्षण बताया.**

योगी ने अपने संदेश में कहा, 'वेलकम बैक टू अर्थ.' ऐतिहासिक एक्सिओम मिशन 4 को सकुशल संपन्न कर सफल वापसी पर ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला व उनकी टीम को हार्दिक बधाई. आपकी उपलब्धि साहस, समर्पण और विज्ञान के प्रति संकल्प का गौरवपूर्ण प्रतीक है. आज हर भारतीय, विशेषकर उत्तर प्रदेश वासी गौरवान्वित है. भारत आपके स्वागत को उत्सुक है. ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला लखनऊ के मूल निवासी हैं. वायुसेना में उनकी सेवाएं उत्कृष्ट रहीं, लेकिन अब उन्होंने अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में भी भारत का नाम रोशन किया है. एक्स-4 मिशन में भागीदारी कर उन्होंने न केवल भारत, बल्कि उत्तर प्रदेश को भी गर्व से भर दिया है.

> रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष में रिकॉर्ड बनाकर धरती पर वापसी पर खुशी और गर्व व्यक्त किया और लखनऊ में शुभांशु के पिता से फोन पर बात कर कहा कि पूरे देश को उनके पुत्र पर गर्व है. शुभांशु 18 दिन बाद अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से पृथ्वी पर लौटे हैं. राजनाथ सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि , ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की ऐतिहासिक एक्सिओम-4 मिशन से सफल वापसी हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है. उन्होंने न केवल अंतरिक्ष को छुआ है, बल्कि भारत की आकांक्षाओं को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है.

# सतर्कता ब्यूरो के घेरे में मजीठिया

**चंडीगढ़, 15 जुलाई. पंजाब सतर्कता विभाग ने मंगलवार को अकाली दल के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री विक्रम सिंह मजीठिया के घर और दफ्तर पर छापेमारी की है.**

मंगलवार दोपहर मोहाली सतर्कता ब्यूरो ने ग्रीन एवेन्यू स्थित मजीठिया के निवास स्थान और मजीठा स्थित उनके दफ्तर में दबिश दी है. दोनों छापे कथित तौर पर पूर्व मंत्री से कथित रूप से जुड़ी संपत्तियों की चल रही जांच का हिस्सा हैं, जो वर्तमान में 19 जुलाई तक नाभा जेल में न्यायिक हिरासत में हैं. दोनों जगह से कुछ दस्तावेज कब्जे में लेकर जांच की जा रही है. इससे पहले ब्यूरो ने मजीठिया को आय से अधिक



संपत्ति रखने के आरोप में गिरफ्तार किया था. लगभग तीन घंटे तक चले तलाशी अभियान के दौरान, अधिकारियों ने परिसर से एक मोबाइल फोन और एक डीवीआर भी बरामद किया, लेकिन कोई भी आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली. मजीठिया का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील अमनवीर सिंह ने पुष्टि की कि यह छापेमारी उनके मुवक्किल के खिलाफ पहले से दर्ज एक मामले की चल रही जांच से संबंधित थी.

> उन्होंने बताया कि मोहाली अदालत में ज़मानत याचिका पहले ही दायर की जा चुकी है, जिस पर आने वाले दिनों में सुनवाई होने की उम्मीद है .सिंह ने स्पष्ट किया कि सतर्कता दल पूर्वाह्न 11 बजे से यहां था और उसने चल-अचल दोनों संपत्तियों की माप और सत्यापन पूरा कर लिया. कोई ज़ब्ती या संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई. उन्होंने कहा कि एजेंसी केवल जांच के प्रक्रियात्मक पहलुओं को पूरा कर रही थी.

## 'उदयपुर फाइल्स' पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली.** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह हिंदी फिल्म 'उदयपुर फाइल्स कन्हैयालाल टेलर मर्डर' के पक्ष और विपक्ष में दाखिल याचिकाओं पर बुधवार को सुनवाई करेगा. फिल्म को लेकर एक ओर जहां इसके निर्माता प्रदर्शन की अनुमति मांग रहे हैं, वहीं आरोपी पक्ष से फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है. न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कन्हैयालाल हत्याकांड के आरोपी मोहम्मद जावेद की याचिका पर शीघ्र सुनवाई की गुहार पर सुनवाई करते हुए कहा कि यह याचिका फिल्म के निर्माता द्वारा दायर याचिका के साथ बुधवार को सुनी जाएगी.

# क्यूआर कोड अनिवार्यता पर सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली, 15 जुलाई. सुप्रीम कोर्ट ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकानदारों की पहचान के लिए क्यूआर कोड प्रदर्शित करने के उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों के कथित निर्देशों को चुनौती देने वाली याचिका पर दोनों राज्यों को नोटिस जारी किया है.**

अदालत ने एक सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है.न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने यह नोटिस दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अपूर्वानंद झा और अन्य की ओर से दायर याचिका पर जारी किया. अगली सुनवाई की



तारीख 22 जुलाई तय की गई है.याचिका में दावा किया गया है कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर सभी दुकानों को क्यूआर कोड लगाने का निर्देश दिया गया है, ताकि ग्राहक दुकान मालिक की जानकारी प्राप्त कर सकें. यह आदेश संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 17, 19 और 21 का उल्लंघन है और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व आदेश के विपरीत भी है.

## मणिपुर में सरकार के गठन की उम्मीद : भाजपा

**इंफाल.** मणिपुर के भाजपा विधायक उम्मीद जता रहे हैं कि मानसून सत्र से पहले या इसके दौरान केंद्रीय नेतृत्व मणिपुर में राज्य सरकार के गठन का निर्णय लेगा. गौरतलब है कि मानसून सत्र 21 जुलाई से आरंभ होकर 12 अगस्त तक चलेगा. सबकी निगाह इस मानसून सत्र पर लगी हुई है, क्योंकि मणिपुर में राष्ट्रपति शासन के छह माह समाप्त होने वाले हैं और केन्द्र की भाजपा सरकार को राष्ट्रपति शासन के संबंध में निर्णय लेना होगा. मणिपुर में 13 फरवरी से राष्ट्रपति शासन लागू है. पूर्व मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह ने कहा पद से इस्तीफा देने के बाद मैं राजनीति से संन्यास लेने की सोच रहा था, लेकिन मुझे एहसास हुआ कि अभी बहुत सारी जिम्मेदारियां बाकी हैं.

# ट्रंप की चेतावनी-50 दिन में रोंके युद्ध

- **अमेरिका रूस पर लगा सकता है 100 प्रतिशत टैरिफ**
- **ट्रंप ने नाटो प्रमुख मार्क रूटे के साथ की महत्वपूर्ण बैठक**

**वाशिंगटन, 15 जुलाई .अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि अमेरिका नाटो देशों के माध्यम से यूक्रेन को अत्याधुनिक हथियार देगा. साथ ही उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि 50 दिनों के भीतर रूस और यूक्रेन के बीच युद्धविराम का समझौता नहीं हुआ, तो अमेरिका रूस पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा.**

ट्रंप ने यह ऐलान नाटो प्रमुख मार्क रूटे के साथ बैठक के बाद किया. उन्होंने कहा कि यूरोपीय देश यूक्रेन को पैट्रियट मिसाइल सिस्टम देंगे, जबकि अमेरिका बाद में इनकी पूर्ति करेगा. उन्होंने बताया कि युद्ध क्षेत्र में अरबों डॉलर के हथियार भेजे जाएंगे.उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई देश रूस से व्यापार करता है और उसका उत्पाद अमेरिका में बिकता है, तो उसे भी टैरिफ देना होगा, जिससे उसका व्यापार घाटे में आ सकता है. इसका असर भारत जैसे देशों पर भी पड़ सकता है.यूक्रेनी राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की ने ट्रंप से बातचीत के बाद उनके समर्थन के लिए आभार जताया.

> उन्होंने कहा कि अमेरिका के सहयोग से हम अपने नागरिकों की रक्षा कर सकेंगे और शांति स्थापना की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे. क्रेमलिन की ओर से इस घोषणा पर फिलहाल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है. हालांकि पुतिन के पूर्व सहयोगी सर्गेई मार्कोव ने इसे धोखा करार देते हुए कहा कि ट्रंप ने शांति की कोशिशें छोड़ दी हैं.



## 34 भारतीय मछुआर बांग्लादेशी सेना की हिरासत में

**ढाका, 15 जुलाई.**बंगलादेश की नौसेना ने कथित तौर पर उनके देश की समुद्री सीमा में प्रवेश करने और बंगाल की खाड़ी में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 34 भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया है। एक समाचार रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है. यूएनबी की रिपोर्ट के अनुसार कल समुद्र में फेयरवे बॉय क्षेत्र के पास मछली पकड़ने वाले दो ट्रॉलर, एफबी झोर और एफबी मंगल चांदी-38 को भी जब्त कर लिया गया. हिरासत में लिए गए मछुआरों को आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए मोंगला भेजा गया है.

# मोटरबोट से आरती देखने पर प्रतिबंध

**गंगा का जलस्तर प्रति घंटे चार सेंटीमीटर की रफ्तार से बढ़ रहा**

**बाबा काशी विश्वनाथ के दर्शन को उमड़ रही थी भक्तों की भीड़**




**वाराणसी, 15 जुलाई . सांस्कृतिक नगरी वाराणसी में गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर के मद्देनजर नाव और मोटरबोट से गंगा आरती देखने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है. केंद्रीय जल आयोग के रिपोर्ट के अनुसार गंगा का जलस्तर प्रति घंटे चार सेंटीमीटर की रफ्तार से बढ़ रहा है.**

गंगा के बढ़ते जलस्तर के कारण सभी प्रकार की नावों और मोटर बोट पर प्रतिबंध के साथ बैठकर गंगा आरती देखने पर भी पूरी तरह से रोक लगा दिया गया है.

प्रभारी निरीक्षक जल पुलिस राजकिशोर पांडेय ने बताया कि सावन का महीना चल रहा है. ऐसे में बाबा श्री काशी विश्वनाथ के दर्शन को भक्तों भीड़ उमड़ रही है. घाटों का संपर्क आपस में पूरी तरह से टूट गया हैं. नावों और मोटर बोट के संचालन पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है. गंगा आरती के समय कोई भी श्रद्धालु नाव से बैठकर आरती न देखे इसको लेकर भी रोक लगा दिया गया है.हरिश्चंद्र घाट जलमग्न होने के कारण शवदाह गलियों में किया जा रहा है.

## एक नजर में



### इंडोनेशिया में नाव पलटी, 11 लोग लापता

**जकार्ता.** इंडोनेशिया के पश्चिमी सुमात्रा प्रांत में स्थित मेंटावाई द्वीप समूह के पास एक नाव पलटने से 11 लोग लापता हो गए हैं, जबकि 7 लोग तैरकर जान बचाने में सफल रहे. स्थानीय बचाव एजेंसी के अधिकारी डियो उल्वी फिनंदा ने बताया कि नाव सिकाकाप द्वीप से सिपोरा द्वीप की ओर जा रही थी. यह हादसा सोमवार सुबह 11 बजे के आसपास हुआ. फिनंदा ने कहा कि लापता लोगों की तलाश जारी है. मौके पर राहत और बचाव टीमों को रवाना किया गया है, लेकिन अभी तक नाव का मलबा नहीं मिला है.

### एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या

**काबुल.** अफगानिस्तान के गजनी प्रांत में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने एक ही परिवार के पांच लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी. प्रांतीय सरकार के एक प्रवक्ता ने सोमवार रात को यह जानकारी दी .गजनी के गवर्नर के प्रवक्ता एजातुल्लाह सईदी ने बताया कि यह घटना कारा बाग ज़िले के तोलाखैल इलाके में हुई. यहां एक घर में हमलावर घुस आए और गोलीबारी शुरू कर दी जिससे परिवार के पाँच सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया. सईदी ने बताया कि इस मामले में कई संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है और मामले की जांच की जा रही है.

### मोबाइल फोन की दुकान से 3 लाख की लूट

**छपरा.** बिहार में सारण जिले के मांझी थाना क्षेत्र में अपराधियों ने मंगलवार को मोबाइल फोन की दुकान से तीन लाख 25 हजार रूपये लूट लिये .पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि नरपलिया बाजार में स्थित मोबाइल की दुकान पर चार की संख्या में अपराधियों ने धावा बोला. इसके बाद अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर दुकान के कर्मचारी और ग्राहकों को अपने कब्जे में ले लिया. इस दौरान दुकानदार ने एक अपराधी को हथियार के साथ पकड़ लिया जबकि तीन अन्य अपराधी तीन लाख 25 हजार रूपये लूटकर फरार हो गये.

### अवैध बांग्लादेशि नागरिकों की वापसी

**रायपुर.** छत्तीसगढ़ में अवैध रूप से रह रहे बंगलादेश के 30 नागरिकों को उनके देश वापस भेजा गया है. अधिकारियों ने बताया कि केंद्र सरकार से इन लोगों को निर्वासित करने की अनुमति मिलने के बाद राज्य सरकार और रायपुर पुलिस ने मंगलवार को 30 बंगलादेशी नागरिकों को रायपुर हवाईअड्डे से विमान के जरिए गुवाहटी भेजा गया. जानकारी के मुताबिक घुसपैठियों को रायपुर पुलिस सीमा सुरक्षा बल को सौंपेगी फिर असम से बंगलादेश सीमा पर बीएसएफ के जरिए निर्वासन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी.

# राज्यपाल मांगे माफी : डिप्टी सीएम चौधरी

**सीएम उमर के साथ हुई थी 'धक्का-मुक्की'**

**यह 'लोकतंत्र और जनता के जनादेश का अपमान' है**

**श्रीनगर, 15 जुलाई. जम्मू-कश्मीर के उप मुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने प्रदेश की पुलिस द्वारा मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ की गयी 'धक्का-मुक्की' के लिए उप राज्यपाल मनोज सिन्हा से माफी मांगने की मांग की है. चौधरी ने कहा कि जुलाई 1931 के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए जाते समय निर्वाचित मुख्यमंत्री के साथ कथित दुर्व्यवहार 'लोकतंत्र और जनता द्वारा दिये गये जनादेश का अपमान' है.**



चौधरी ने मंगलवार को यहां संवाददाताओं से कहा, - कल जो कुछ भी हुआ, पुलिस ने जो कुछ भी किया. - मेरे नेता उमर अब्दुल्ला सिर्फ़ मेरे नेता नहीं हैं, बल्कि जम्मू-कश्मीर के निर्वाचित मुख्यमंत्री हैं. यह सिर्फ़ उमर साहब का अपमान नहीं था. यह जम्मू-कश्मीर और पूरे देश में लोकतंत्र का अपमान था.उन्होंने कहा कि इस घटना ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में मतदान करने वाले लोगों की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंचायी है.उन्होंने कहा, यह जनादेश का अपमान था. जम्मू-कश्मीर के लोगों ने हमें चुना और सत्ता में भेजा. मुख्यमंत्री के साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया, वह अस्वीकार्य है.

उप मुख्यमंत्री ने इस घटना के लिए उप राज्यपाल मनोज सिन्हा से माफ़ी मांगने की भी मांग की.उन्होंने कहा, एक दिन उप राज्यपाल साहब भी कहेंगे कि उनके अधीन पुलिस ने उमर साहब के साथ गलत किया है. कल जो हुआ, उसके लिए उप राज्यपाल साहब को हमसे नहीं बल्कि जनता से माफ़ी मांगनी चाहिए.

## आज का इतिहास

1661 : स्वीडिश बैंक ने यूरोप में पहला नोट जारी किया.

1856 : हिंदू विधवाओं के पुनर्विवाह को कानूनी मान्यता मिली.

1925 : इराक में राजा फैसल ने बगदाद में पहली संसद स्थापित की.

1968 : भारतीय हॉकी कप्तान धनराज पिल्ले का जन्म.

1992 : डॉ. शंकर दयाल शर्मा भारत के 9वें राष्ट्रपति बने.

1999 : जॉन एफ़. केनेडी के पुत्र जॉन एफ़. केनेडी जूनियर की विमान दुर्घटना में मृत्यु.

2006 : संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कोरिया पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव पारित.

2019 : मुंबई में एक 100 वर्ष पुरानी इमारत गिरने से 10 लोगों की मौत.

# एक बेटी की भाजपा सिस्टम ने कर दी हत्या : राहुल गांधी

**नई दिल्ली, 15 जुलाई. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने ओडिशा के बालासौर में एक छात्रा द्वारा आत्मदाह की घटना को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है. उन्होंने इसे सिस्टम द्वारा की गई हत्या बताया है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से जवाब मांगा है.**

राहुल गांधी ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, ओडिशा में इंसाफ़ के लिए लड़ती एक बेटी की मौत, सीधे-सीधे भाजपा के सिस्टम द्वारा की गई हत्या है. उस बहादुर छात्रा ने यौन शोषण के ख़िलाफ़ आवाज़ उठाई



- लेकिन न्याय देने के बजाय, उसे धमकाया गया, प्रताड़ित किया गया, बार-बार अपमानित किया गया.उन्होंने आरोप लगाया कि जिन लोगों को उसकी रक्षा करनी थी, वही उसे मानसिक रूप से तोड़ते रहे और अंततः सिस्टम ने आरोपियों को बचाया, जिसके चलते वह छात्रा आत्मदाह के लिए मजबूर हो गई

## हरेला पर्व

## धामी ने प्रदेशवासियों को हरेला लोक पर्व की दी शुभकामनाएं

# यह पर्व लोक संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण का देता है संदेश

**देहरादून 15 जुलाई.उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोक पर्व हरेला की पूर्व संध्या पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी. धामी ने इस अवसर पर जारी अपने संदेश में कहा कि हरेला पर्व प्रकृति के प्रति कृतज्ञता प्रदर्शित करने के साथ लोक संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देता है.**

हरेला पर्व को सुख, समृद्धि एवं सौहार्द का प्रतीक बताते हुये उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें अपनी परम्पराओं से जुड़े रहने का भी संदेश देता है.मुख्यमंत्री ने



कहा कि हरेला पर्व हमें अपनी धरती और पर्यावरण की देखभाल के प्रति भी प्रेरित करता है. उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध और स्वस्थ वातावरण देने के लिए वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण अत्यंत आवश्यक है. उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड अपने धर्म, अध्यात्म और संस्कृति के लिए विख्यात है. यहां का प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता हर किसी को आकर्षित करती है. इसलिए पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है. हमें अपने जल स्रोतों, नदियों और गदेरों के पुनर्जीवन और संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास करने होंगे.

धामी ने कहा कि हमारे लोक पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत की पहचान हैं. राज्य की समृद्ध लोक संस्कृति को संरक्षित और प्रोत्साहित करने के लिए हम सभी को सामूहिक रूप से प्रयास करने होंगे. तभी हम अपनी सांस्कृतिक और पारंपरिक जड़ों से जुड़े रह पाएंगे और इसे अगली पीढ़ी तक पहुंचा पाएंगे.

> **उत्तराखंड प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिकता का प्रतीक**
>
> **नई दिल्ली/देहरादून.** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को नयी दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से शिष्टाचार भेंट की. इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उन्हें उत्तराखंड के चारधाम का प्रसाद और राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाने वाले स्थानीय उत्पाद भेंट किए. मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड चारधाम, प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिकता का प्रतीक है. और राज्य सरकार इसे वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है .उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष को राज्य में चल रहे विकास कार्यों, विशेषकर धार्मिक पर्यटन, सड़क संपर्क, स्वास्थ्य सेवाओं और स्थानीय उत्पादों के ब्रांडिंग के प्रयासों की जानकारी भी दी.

## जेजेएमपी सबजोनल कमांडर लवलेश ने किया आत्मसमर्पण

**लातेहार.** उग्रवादी संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद के पांच लाख रूपये का इनामी सबजोनल कमांडर लवलेश गंझू उर्फ लवकेश गंझू ने मंगलवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया.पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में पलामू प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुनील भास्कर, लातेहार के पुलिस अधीक्षक गौरव, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल समादेष्टा यादराम बुनकर, सशस्त्र सीमा बल समादेष्टा राकेश सिंह के समक्ष लवलेश गंझू ने आत्म समर्पण कर दिया. वह लातेहार जिले के बालूमाथ थाना अंतर्गत कुरियाम खुर्द गांव का रहने वाला है.